तृतीय सत्र, 2019
का प्रथम सोमवार

# उत्तराखण्ड विधान सभा
# की कार्यसूची

## सोमवार,
## 18 मार्गशीर्ष, शक संवत्, 1941
## (दिनांक : 09 दिसम्बर, 2019)

## नत्थी 'क'

## अल्पसूचित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री देशराज कर्णवाल<br>25.11.2019 | ** क्या वित्त मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य सरकार के कार्मिकों को अनुमन्य मकान किराया भत्ता, सचिवालय भत्ता तथा पर्वतीय विकास भत्ता एवं अन्य भत्तों की दरों में संशोधन करने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | वित्त |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>27.11.2019 | ** क्या स्वास्थ्य मंत्री अवगत हैं कि राज्य में अटल आयुष्मान योजना पूरी तरह असफल हो चुकी है ? क्या यह सत्य है कि प्राइवेट चिकित्सालयों में चिकित्सालय प्रशासन के द्वारा अटल आयुष्मान कार्ड धारकों का इलाज नहीं किया जा रहा है अथवा इलाज कराने से मना किया जा रहा है ? क्या यह भी सत्य है कि बड़े/छोटे प्राइवेट चिकित्सा संस्थानों द्वारा अटल आयुष्मान कार्ड न चलाये जाने का झांसा देकर गरीब बीमारों से नकद धनराशि जमा करवायी जा रही है ? क्या सरकार बतायेगी कि अटल आयुष्मान योजना के कार्ड धारकों का रू 5.00 लाख तक का इलाज कराने के लिए सरकार द्वारा क्या ठोस उपाय किये जा रहे है ? ऐसे अस्पतालों पर क्या कार्यवाही की जा रही है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | स्वास्थ्य |

# नत्थी 'ख'

## तारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>05.08.2019 | *1 क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड राज्य में अटल आयुष्मान उत्तराखण्ड योजना सरकार द्वारा प्रारम्भ की गई है ? आतिथि तक कुल कितने परिवारों के जनपदवार गोल्डन कार्ड बनाये जा चुके हैं और अब तक कितने लोगों को इस योजना का लाभ दिया गया है ? क्या सरकार बतायेगी कि योजना अन्तर्गत किन–किन बीमारियों का उपचार किया जा सकेगा और राज्य में कौन–कौन से चिकित्सालय आच्छादित किये गये हैं ? क्या सरकार यह भी बतायेगी कि गोल्डन कार्ड बनाने के लिए सरकार द्वारा क्या व्यवस्थायें की गई हैं और किसी चयनित अस्पताल द्वारा गोल्डन कार्ड धारक को चिकित्सा सुविधा प्रदान नहीं की जाती है तो ऐसी स्थिति में ऐसे चिकित्सालय व प्रबन्धन के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | स्वास्थ्य |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>05.08.2019 | *2 क्या ग्राम्य विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि ग्राम पंचायतों में मनरेगा योजना के कार्यों में 20 व 30 प्रतिशत सामग्री अंश का बजट दिया जा रहा है ? क्या यह सत्य है कि मनरेगा योजना के कार्यों के लिए 40 प्रतिशत सामग्री अंश तथा 60 प्रतिशत मजदूरी अंश के मानक निर्धारित हैं ? यदि हां, तो क्या सरकार निर्धारित मानकानुसार बजट आवंटन कर क्रियान्वयन सुनिश्चित करायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | ग्राम्य विकास |
| श्री मनोज रावत<br>05.08.2019 | *3 क्या महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री अवगत हैं कि प्रदेश में 01 जुलाई, 2017 से प्रारम्भ हुई 'नंदा गौरा योजना' में केवल उन्हीं बालिकाओं को लाभ मिल रहा है जिन्होंने 01 जुलाई, 2017 पश्चात् तक 01 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली थी ? यदि हां तो, नंदा गौरा योजना प्रारम्भ होने से पूर्व अथवा जून, 2016 से पूर्व पैदा हुई बालिकाओं को "हमारी कन्या हमारा अभिमान" योजना के अन्तर्गत पंजीकृत थी तथा योजना का लाभ पाने से वंचित रह गयी है ? यदि हां, तो उन्हें इस योजना के अन्तर्गत आच्छादित/लाभान्वित किया जायेगा ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास |
| श्रीमती ममता राकेश<br>05.08.2019 | *4 विधान सभा के प्रथम सत्र, 2019 के प्रथम सोमवार हेतु निर्धारित अतारांकित प्रश्न संख्या 06 के उत्तरालेख के क्रम में क्या राजस्व मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि अध्यक्ष, राजस्व परिषद, उत्तराखण्ड की अध्यक्षता में गठित समिति की आख्या/संस्तुति शासन को प्राप्त हो गई है ? क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि प्रश्नगत समिति को आख्या/संस्तुति देने हेतु कोई समय सीमा निर्धारित हुई है ? यदि नहीं, तो क्यों और अनिश्चित काल तक संस्तुति/आख्या प्राप्त न होने तक तहसील भवन का निर्माण स्थगित रखा जाएगा ? | राजस्व |

| | | |
|---|---|---|
| श्रीमती ममता राकेश<br>05.08.2019 | *5 क्या राजस्व मंत्री अवगत हैं कि प्रदेश में आय प्रमाण पत्र जारी करने की प्रक्रिया में विभिन्न विसंगतियां होने के कारण कई पात्र अभ्यर्थियों को सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है ? यदि हां, तो सरकार द्वारा इस कमी को दूर करने के क्या प्रयास किये जा रहे हैं ? यदि नहीं, तो क्यों ? | राजस्व |
| श्रीमती ममता राकेश<br>05.08.2019 | *6 क्या ग्राम्य विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष, 2017–18 एवं 2018–19 में प्रदेश के लिए कितना बजट स्वीकृत किया गया था ? प्रदेश में उक्त योजना के अन्तर्गत कितने आवास बनाये गये हैं तथा निर्मित आवासों का लाभ कितने लोगों को मिला है? क्या सरकार प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में सभी बेघरों को पक्का घर उपलब्ध कराने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | ग्राम्य विकास |
| श्री धन सिंह नेगी<br>05.08.2019 | *7. क्या मत्स्य विकास मंत्री अवगत हैं कि राज्य में राज्य समेकित सहकारी विकास परियोजना संचालित है ? यदि हां तो क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि उक्त परियोजना में मत्स्य विभाग की कार्य योजना क्या है तथा इसके लिए कितने बजट का प्राविधान किया गया है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | मत्स्य विकास |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>05.08.2019 | *8 क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार द्वारा सरकारी चिकित्सालयों को पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप के अन्तर्गत संचालित करने का निर्णय लिया गया था ? यदि हां, तो कौन–कौन से चिकित्सालयों को पी0पी0पी0 मोड के अन्तर्गत संचालित किया जा रहा है ? यदि हां, तो इसके परिणाम क्या हैं ? यदि इसके परिणाम अच्छे हैं, तो क्या सरकार अन्य सरकारी चिकित्सालयों को पी0पी0पी0 मोड पर लाने का विचार कर रही है ? यदि नही, तो क्यों ? | स्वास्थ्य |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>05.08.2019 | **मा0 उच्च न्यायालय के विचाराधीन होने के आधार पर निरस्त।**<br>*9 क्या आबकारी मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद हरिद्वार के रूड़की तहसील के बाल्लूपुर के अन्य निकटवर्ती ग्रामों में जहरीली शराब पीने से लगभग 41 से अधिक लोगों की जनहानि हुई थी ? इस सम्बन्ध में मृतक आश्रितों के परिवारों को मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा आर्थिक सहायता देने की घोषणा की गई थी एवं आर्थिक सहायता मृतक आश्रितों को दी जाने की सरकार की क्या योजना हैं? इस समस्या के निदान के लिये विभाग द्वारा क्या–क्या कदम उठाये गये हैं ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | आबकारी |

| | | |
|---|---|---|
| श्री राजकुमार<br>05.08.2019<br>श्री मनोज रावत<br>06.08.2019<br>श्रीमती ममता राकेश<br>22.08.2019 | *10 क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री अवगत हैं कि प्रदेश में वर्ष, 2017 से बाल विकास विभाग द्वारा 'गौरा देवी कन्याधन' योजना संचालित की जा रही है ? इण्टरमीडिएट की परीक्षा उत्तीर्ण करने पर उक्त योजना के अन्तर्गत बालिकाओं को रू0 51 हजार की धनराशि दिये जाने का प्राविधान है ? क्या यह सत्य है कि उक्त योजना को माह जुलाई, 2017 से लागू किया गया है ? जिससे वर्ष 2017 में इण्टरमीडिएट की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाली अनेक बालिकायें उक्त योजना से लाभान्वित नहीं हो सकी हैं यदि हां, तो क्या वर्ष 2017 एवं 2018 में इण्टरमीडिएट की परीक्षा उत्तीर्ण कर चुकी सभी पात्र बालिकाओं को उक्त धनराशि का भुगतान करने पर विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | महिला कल्याण एवं बाल विकास |
| श्री मनोज रावत<br>06.08.2019 | *11 क्या आपदा प्रबन्धन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जून 2013 की आपदा के बाद केदारनाथ धाम की सुरक्षा के लिए बनायी गई थ्री–टियर सिस्टम योजना क्या थी ? इसमें विभिन्न माध्यमों से कितना धन दिया गया तथा दिया गया धन किस–किस एजेंसी के माध्यम से खर्च किया गया ? थ्री–टियर सिस्टम लगाने के कार्य की वर्तमान में भौतिक प्रगति क्या है ? क्या मंत्री जी तत्संबंधी दस्तावेज सदन के पटल पर रखेंगे ? | आपदा प्रबन्धन |
| श्री मनोज रावत<br>06.08.2019 | **केन्द्रीय विषय के आधार पर निरस्त।**<br>*12 क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि चार धाम सड़क निर्माण योजना जिसे ऑल वेदर रोड का प्रचलित नाम दिया गया है, का निर्माण आरम्भ होने के बाद रूद्रप्रयाग–बद्रीनाथ मार्ग में घोलतीर–नारायाकाटी जैसे अन्य स्थानों जो चार धाम सड़क निर्माण परियोजना के आरम्भ होने के बाद सिरोबग्गड़ की भांति नए डैन्जर जोनों का रूप ले चुके हैं और जहां अकसर घंटो से लेकर दिनों तक सड़क बंद रहती है का चयनीकरण किया गया है? यदि हां, तो क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि इन स्थानों या इनके जैसे दर्जनों अन्य स्थानों पर यात्रा या सामान्य काल में रहने वाले संभावित सड़क बंदी के समय ट्रैफिक को उनके गंतव्य तक पहुंचाने हेतु सरकार ने कोई वैकल्पिक योजना बनाई है ? यदि हां, तो वह क्या है ? यदि नहीं, तो इस आसन्न संकट से कैसे निपटा जाएगा? क्या मंत्री जी संबन्धित दस्तावेज सदन के पटल पर रखेंगे ? | लोक निर्माण |
| श्री प्रीतम सिंह<br>06.08.2019 | *13. क्या पशुपालन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में आवारा पशुओं को संरक्षित करने के लिए सरकार द्वारा क्या–क्या प्रयास किये गये हैं ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पशुपालन |

स्थगित।

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रीतम सिंह<br>06.08.2019 | *14. क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में आर्थिक आधार पर आरक्षण लागू हो गया है ? यदि हाँ, तो उपरोक्त आरक्षण के माध्यम से प्रदेश के कितने युवाओं को इसका लाभ प्राप्त हुआ ? यदि नहीं, तो क्यों ? | कार्मिक |
| श्री राजकुमार<br>06.08.2019 | **मा0 सर्वोच्च न्यायालय के विचाराधीन होने के आधार पर निरस्त।**<br>*15. क्या मुख्यमंत्री अवगत हैं कि मा0 सर्वोच्च न्यायालय तथा मा0 उच्च न्यायालय, उत्तराखण्ड द्वारा प्रदेश में कार्यरत् अनु0जाति, अनु0 जनजाति के कार्मिकों को पदोन्नति में आरक्षण दिये जाने हेतु निर्देशित किया गया है ? यदि हाँ तो क्या सरकार अनु0जाति/अनु0 जनजाति के कर्मिकों को शासकीय सेवाओं में समुचित प्रतिनिधित्व प्रदान करने हेतु पदोन्नति में आरक्षण की पूर्व व्यवस्था को बहाल करने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | कार्मिक |
| श्री राजकुमार<br>06.08.2019 | **मा0 उच्च न्यायालय के विचाराधीन होने के आधार पर निरस्त।**<br>*16. क्या स्वास्थ्य मंत्री अवगत हैं कि प्रदेश में विगत 10 वर्षों से कार्यरत् 108 के स्वास्थ्य कर्मचारियों को सरकार द्वारा हटा दिया गया है ? यदि हां तो कर्मचारियों को हटाये जाने के क्या कारण हैं ? क्या सरकार उक्त कार्मियों को पुनः कार्य पर रखे जाने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | स्वास्थ्य |
| श्री सौरभ बहुगुणा<br>06.08.2019 | *17. क्या गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग मंत्री अवगत हैं कि विधान सभा क्षेत्र सितारगंज में स्थित सिंतारगंज चीनी मिल को बन्द कर दिया गया था ? क्या यह सत्य है कि जनाक्रोश को देखते हुए सरकार द्वारा बन्द मिल को पुनः संचालित करने का आश्वासन दिया गया था ? यदि हां, तो बन्द मिल का संचालन कब तक होगा? सरकार इसकी क्या व्यवस्था कर रही है ? | गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग |
| श्री सौरभ बहुगुणा<br>06.08.2019 | **प्रथम मंगलवार के तारांकित प्रश्न संख्या 19 में स्थानान्तरित।**<br>*18. क्या उद्योग मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधान सभा क्षेत्र सितारगंज में स्थित सिडकुल सितारगंज को रेल हैड से जोड़ने का कार्य शासन स्तर पर प्रस्तावित है ? क्या सिडकुल सितारगंज को रेल हैड से जोड़ने के लिये पूर्व में रेल एलायनमैन्ट कार्य (रेल की लाईन बिछाने का कार्य) हेतु कोई धनराशि स्वीकृत की गई है? मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड सरकार द्वारा सिडकुल सितारगंज को रेल हैड से जोड़ने के कार्य में क्या मंशा है ? अद्यतन क्या प्रगति है क्योंकि रेल मार्ग के सापेक्ष सड़क मार्ग के कारण अधिकांश उद्योग व व्यापार प्रभावित होकर बन्दी के कगार पर हैं ? | उद्योग |

स्थगित।

| | | |
|---|---|---|
| श्री सौरभ बहुगुणा<br>06.08.2019 | *19. क्या उद्योग मंत्री अवगत हैं कि विधान सभा क्षेत्र सिंतारगंज में स्थित सिडकुल के अन्तर्गत स्थापित उद्योगों एवं कम्पनियों में स्थानीय कुशल/अकुशल बेरोजगारों को उत्तराखण्ड सरकार द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप रोजगार नहीं दिया जा रहा है ? उत्तराखण्ड सरकार द्वारा स्थानीय कुशल/अकुशल बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध कराने हेतु क्या मानक निर्धारित हैं ? सरकार इसका अनुपालन न करने वालों पर क्या कार्यवाही करती है ? मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि यदि कार्यवाही की है, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | उद्योग |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>06.08.2019 | *20. क्या खादी एवं ग्रामोद्योग मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश के ग्रामों में परम्परागत दस्तकारी एवं शिल्पकारी को प्रोत्साहन देने हेतु सरकार की कोई ऐसी योजना है कि जिसके द्वारा दस्तकारों एवं शिल्पकारों को अपने गांव में ही समुचित रोजगार मिल सके ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | खादी एवं ग्रामोद्योग |

## अतारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>05.08.2019 | 1. क्या नागरिक उड्डयन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उड़ान योजनान्तर्गत प्रदेश में किन–किन स्थानों पर हवाई सेवायें प्रारम्भ करने की योजना हैं ? क्या सरकार बतायेगी कि देहरादून से चिन्यालीसौड़ (उत्तरकाशी) के लिए हवाई सेवा कब से प्रारम्भ की जायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | नागरिक उड्डयन |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>05.08.2019 | 2. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि गतवर्ष धरासू–बड़कोट–जानकी चट्टी राष्ट्रीय राजमार्ग ओजरी से आगे डबरकोट में भारी भूस्खलन के कारण काफी दिनों तक बाधित रहा था ? जिससे यमुनोत्री धाम जाने तथा धाम से लौटने वाले हजारों श्रद्धालुओं के साथ–साथ स्थानीय जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा था ? क्या यह सत्य है कि खतरनाक भूस्खलन के कारण स्थानीय जनता व श्रद्धालु एक सप्ताह तक फँसें रहे जिन्हें बाद में कुन्साला–त्रिखली गांवों से लाया जा सका ? क्या सरकार इस भाग में हो रहे भारी भूस्खलन का उपचार करायेगी अथवा वैकल्पिक मोटर मार्ग का निर्माण कराया जायेगा ? यदि हां तो, कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>05.08.2019 | 3. क्या महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में महिला सशक्तिकरण की दिशा में सरकार द्वारा कौन–कौन से उपाय किये गये हैं ?क्या सरकार बतायेगी कि वर्ष 2016–17 व 2017–18 में सरकार द्वारा कितनी महिलाओं को अपना स्वरोजगार स्थापित करने व उसे संचालित करने में सहायता प्रदान की हैं ? यदि नहीं, तो क्यों ? | महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास |

| | | |
|---|---|---|
| श्री मनोज रावत<br>05.08.2019 | 4. विधान सभा के प्रथम सत्र, 2019 के प्रथम सोमवार हेतु निर्धारित अतारंकित प्रश्न संख्या 62 के उत्तर के संदर्भ में क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि विगत वित्तीय वर्ष में बन्नू कॉलोनी रेसकोर्स में टाईप–II के कितने आवास में मूल निर्माण स्वीकृत किये गये तथा किन–किन आवासों में मूल निर्माण कार्य की स्वीकृति के प्रकरण विचाराधीन है ? क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि कार्यालय ज्ञाप दिनांक 06/07/2016 द्वारा गठित समिति द्वारा बन्नू कॉलोनी के किन–किन आवासों का निरीक्षण/सत्यापन कब–कब किया गया ? क्या मंत्री जी पूरा विवरण सदन के पटल पर रखने का कष्ट करेंगे ? यदि नहीं, तो इसमें क्या कठिनाई है ? | राज्य सम्पत्ति |
| श्री मनोज रावत<br>05.08.2019 | **एक से अधिक विभागों से सम्बन्धित होने के आधार पर निरस्त।**<br>5. क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद रूद्रप्रयाग के विधान सभा क्षेत्र केदारनाथ में कुल कितनी पेयजल योजनाओं का अनुरक्षण जल संस्थान, जल निगम या अन्य सरकारी संस्थानों के द्वारा किया जाता है व कितनी पेयजल योजनाओं का अनुरक्षण ग्राम सभाओं द्वारा किया जाता है ? इन विभिन्न योजनाओं की लम्बाई कितनी हैं ? | पेयजल |
| श्री राम सिंह कैड़ा<br>05.08.2019 | 6. क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधान सभा क्षेत्र भीमताल के अन्तर्गत ओखलकाण्डा में कालाआगर पम्पिंग योजना प्रस्तावित है एवं क्या कालाआगर पम्पिंग योजना के प्रथम चरण के प्राक्कलन (P1) की स्वीकृति मिल चुकी है? सरकार द्वितीय चरण के प्राक्कलन के लिए क्या प्रयास कर रही है? क्या सरकार जनहित में शीघ्र इसका निर्माण करायेगी? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पेयजल |
| हाजी फुरकान अहमद<br>05..08.2019 | 7. क्या राजस्व मंत्री अवगत है कि जनपद हरिद्वार की तहसील रूड़की के अन्तर्गत ग्राम अब्बुल हसनपुर परगना में अभी तक चकबन्दी नहीं हुई है ? क्या मंत्री जी के संज्ञान में है कि उपरोक्त गांव के चारों ओर के ग्रामों की चकबन्दी हो गयी है तथा उक्त ग्राम के चकबन्दी न होने के फलस्वरूप ग्रामवसियों को रास्ते की परेशानी हो रही है ? यदि हां, तो क्या सरकार जनहित में उक्त ग्राम की चकबन्दी शीघ्र करवायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | राजस्व |

| | | |
|---|---|---|
| श्री हरभजन सिंह चीमा 05.08.2019 | 8. गृह मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि क्या सरकार प्रदेश की कानून व्यवस्था के प्रति चिन्तित है ? यदि हां तो क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि कानून व्यवस्था के प्रति वर्ष 2015–16 से लगातार 05 वर्षों तक प्रति वर्ष वाहनों, आधुनिक शस्त्रों एवं उपकरणों के क्रय हेतु कितने बजट की व्यवस्था रखी गई थी एवं खर्च हेतु पुलिस प्रशासन को कितना बजट स्वीकृत किया गया था? क्या स्वीकृत राशि से खरीदे गए वाहनों एवं शस्त्रों से पुलिस विभाग को प्रदेश की समुचित सुरक्षा करना सम्भव हो पा रहा है ? यदि नहीं, तो सरकार क्या योजना बनाने जा रही है जिससे प्रदेश की सुरक्षा व्यवस्था में सुधार आ सके ? | गृह |
| श्री हरभजन सिंह चीमा 05.08.2019 | 9. क्या राजस्व मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उधमसिंह नगर के विधान सभा क्षेत्र काशीपुर में वर्षों पूर्व एस्कार्ट फार्म की कितनी सीलिंग सम्पत्ति घोषित हुई थी और उसमें से कितनी अराजी में आई0आई0एम0 स्थापित किया गया था? एस्कार्ट फार्म की सरप्लस भूमि जो सिडकुल के कब्जे में हैं, में से कितनी–कितनी भूमि किस–किस उपयोग हेतु स्वीकृत की गई है और कितनी भूमि आरक्षित रखी गई हैं ? | राजस्व |
| श्री हरभजन सिंह चीमा 05.08.2019 | 10. क्या राजस्व मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि तहसील जसपुर की न्याय पंचायत भरतपुर के 19 गॉवों की जनता की माँग व जिलाधिकारी जनपद उधमसिंहनगर की रिपोर्ट दिनांक 30 मार्च, 2010 का सन्दर्भ लेते हुए तहसील काशीपुर में जोड़े जाने की प्रक्रिया गतिमान है ? यदि हॉ, तो सम्बन्धित शासनादेश कब तक होगा? यदि नहीं, तो क्यों ? | राजस्व |
| श्री धन सिंह नेगी 05.08.2019 | 11. क्या औद्योगिक विकास मंत्री अवगत हैं कि राज्य सरकार ने पर्यटन को उद्योग का दर्जा देने का निर्णय किया है? यदि हां तो क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि अभी तक पर्यटन क्षेत्र की किन–किन गतिविधियों को औद्योगिक क्षेत्र में सम्मिलित करने का निर्णय किया है? क्या यह भी सत्य है कि औद्योगिक क्षेत्रों के तहत मिलने वाली छूट/सुविधाओं का लाभ पर्यटन क्षेत्र की गतिविधियों के तहत संचालित योजनाओं को भी मिलेगा? यदि हां, तो उन योजनाओं का विवरण क्या है, जिनको एम.एस.एम.ई. के तहत लिया गया है तथा उन पर मिलने वाली छूट का विवरण क्या है? यदि नहीं, तो क्यों ? | औद्योगिक विकास |

| | | |
|---|---|---|
| श्री धन सिंह नेगी<br>05.08.2019 | **द्वितीय मंगलवार के अतारांकित प्रश्न संख्या 14 में स्थानान्तरित।**<br>12. क्या पेयजल मंत्री अवगत हैं कि राज्य में पानी की खपत पर जल टैक्स लगाये जाने का निर्णय लिया गया है? यदि हां तो क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेगें कि वर्तमान जल टैक्स लिए जाने का विवरण क्या है? क्या यह भी सत्य है कि सरकार ने विद्युत उत्पादन कर रही कम्पनियों/निगमों/कारर्पोरेशनों से भी जल टैक्स लेने का निर्णय लिया है? यदि हां तो क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि अभी तक हाईड्रो पॉवर जेनेरेशन वाली कम्पनियों/कारर्पोरेशन से टैक्स के रूप में कितनी धनराशि ली गयी है? यदि नहीं, तो क्यों ? | पेयजल |
| श्री धन सिंह नेगी<br>05.08.2019 | 13. क्या स्वास्थ्य मंत्री अवगत हैं कि टिहरी जनपद के जिला अस्पताल बौराड़ी को पी0पी0पी0 मोड में दिया गया है? यदि हां तो क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि उक्त जिला आस्पताल का किन सेवा शर्तों के आधार पर पर किस अस्पताल/संस्थान को दिया गया है तथा उक्त अस्पताल में डाक्टरों व अन्य स्टाफ की संख्या का विवरण क्या है? क्या यह भी सत्य है कि उक्त अस्पताल को पी0पी0पी0 मोड में संचालित करने वाली संस्था/अस्पताल में पंजीकृत करने वाली संस्था/अस्पताल में पंजीकृत मरीजों को उपचार, टेस्ट इत्यादि करने की सुविधा उपलब्ध रहेगी? यदि हां तो उक्त अस्पताल में मरीजों पर प्रतिमाह व्यय होने वाली धनराशि का विवरण उपलब्ध करायेंगे ? यदि नहीं, तो क्यों ? | स्वास्थ्य |
| श्री धन सिंह नेगी<br>05.08.2019 | 14. क्या ग्राम्य विकास मंत्री अवगत हैं कि राज्य में मनरेगा के तहत बड़ी संख्या में स्थानीय नौजवान रोजगार पा रहे हैं ? यदि हां तो क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि अभी तक मनरेगा के तहत कौन–कौन से पदों पर रोजगार दिया जाता है? क्या यह भी सत्य है कि मनरेगा के तहत कार्यरत योजनाओं के मूल्यांकन के लिए व्यवस्था है ? यदि हां तो क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि मनरेगा योजनाओं के लिए जनपद स्तर पर गठित लोकपाल की नियुक्ति प्रक्रिया क्या है तथा कितने लोकपाल नियुक्त किये गये हैं ? यदि नहीं, तो क्यों ? | ग्राम्य विकास |
| श्रीमती ममता राकेश<br>06.08.2019 | 15. विधान सभा के द्वितीय सत्र, 2019 के प्रथम सोमवार हेतु मेरे द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या–07 के उत्तर के संदर्भ में उद्योग मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जारी शासनादेशों की व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने हेतु क्या उपाय किये गये हैं ? यदि नहीं, तो कब तक व्यवस्था सुनिश्चित की जायेगी ? | उद्योग |

| | | |
|---|---|---|
| श्री धन सिंह नेगी 06.08.2019 | 16. क्या पेयजल मंत्री अवगत हैं कि सरकार पम्पिंग योजनाओं के निर्माण पर विशेष ध्यान दे रही है ? यदि हाँ, तो क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि अभी तक टिहरी जनपद की कितनी पम्पिंग योजनाओं पर सरकार द्वारा निर्णय किया गया है ? क्या यह भी सत्य है कि विभाग द्वारा मा0 मुख्यमंत्री जी की घोषणाओं में सम्मिलित पम्पिंग योजनाओं को वरीयता दी जाती है ? यदि हां, तो मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि टिहरी विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत कोश्यार ताल पम्पिंग योजना, द्वितीय चरण ( मा0 मुख्यमंत्री घोषणा ) को कब तक प्रारम्भ करने जा रही है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पेयजल |
| श्री राजकुमार 06.08.2019 | 17. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधान सभा क्षेत्र पुरोला में वर्ष, 2017–18 व 2019 में लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत कुल कितना बजट स्वीकृत हुआ ? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि पुरोला विधान सभा के अन्तर्गत कुल कितनी नई सड़कों की स्वीकृति प्रदान की गयी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण |
| श्री राजकुमार 06.08.2019 | 18. क्या वित्त मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि इस प्रदेश का वर्ष, 2018–2019 का कुल बजट कितना है ? इसमें अनु0जाति उपयोजना व अनु0 जनजाति उपयोजना का प्रतिशत कितना है ? क्या उपयोजना के बजट का मात्राकरण किया गया है ? यदि हां, तो कितना ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि वर्ष, 2017 व 2018 में स्पेशल कम्पोनेंट बजट की स्थिति क्या है ? | वित्त |
| स्वामी यतीश्वरानन्द 06.08.2019 | 19. क्या उद्योग मंत्री अवगत हैं कि विधान सभा क्षेत्र हरिद्वार ग्रामीण के अन्तर्गत लालढांग न्याय पंचायत क्षेत्र में लगभग 70 हजार की आबादी स्थानीय रोजगार के अभाव में रोजगार के लिए बड़े शहरों का रूख करने के लिए मजबूर है ? यदि हां, तो क्या सरकार लालढांग न्याय पचांयत में आर्थिक विकास व रोजगार को बढ़ावा देने के लिए कोई विस्तृत औद्योगिक इकाई की स्थापना पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | उद्योग |
| स्वामी यतीश्वरानन्द 06.08.2019 | 20. क्या पेयजल मंत्री अवगत हैं कि विधान सभा क्षेत्र हरिद्वार ग्रामीण के अर्न्तगत ग्राम समूह अन्दर पीली, रसूलपुर, मीठीबेरी, गाजीवाली, कांगड़ी, श्यामपुर में पीने के साफ पानी की गम्भीर समस्या वर्षों से बनी हुई है ? क्या सरकार पेयजल की समस्या को दूर करने के लिए उक्त ग्रामों में पीने के साफ पानी की व्यवस्था करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पेयजल |

श्री राम सिंह कैड़ा
07.08.2019

**तृतीय सोमवार के अतारांकित प्रश्न संख्या 32 में स्थानान्तरित।**

21. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि विधान सभा क्षेत्र भीमताल के मलुवाताल ग्राम सभा के ग्रामीण मोटर मार्ग की मांग को लेकर लामबन्द है? यदि हां तो क्या ग्रामीणों ने 2019 लोक सभा चुनाव का भी बहिष्कार किया था ? क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि उक्त मोटर मार्ग का निर्माण कब तक होगा? यदि हॉ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

लोक निर्माण

श्री प्रीतम सिंह
07.08.2019

**केन्द्रीय विषय होने के आधार पर निरस्त।**

22. क्या खाद्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत प्रदेश में कितने परिवार लाभान्वित हुए हैं ? क्या उक्त योजना के तहत मुफ्त में गैस कनेक्शन दिये जा रहे हैं ? यदि नहीं, तो क्यों ?

खाद्य

श्री राजकुमार
07.08.2019

23. क्या उद्योग मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वित्तीय वर्ष, 2017 से 2019 तक प्रदेश में कुल कितने उद्योग स्थापित हुए ? क्या मंत्री जी उसका विवरण सदन के पटल पर रखेंगे ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

उद्योग

श्री राजकुमार
07.08.2019

**स्थगित।**

24. क्या सैनिक कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उपनल एवं आउट सोर्सिंग के माध्यम से विभिन्न विभागों में कुल कितने कार्मिक कार्यरत हैं ? क्या इन कार्मिकों की नियुक्ति/तैनात में आरक्षण के नियमों का पालन किया गया है? यदि हां, तो इनमें से अनुसूचित जाति/जनजाति के कितने कार्मिक कार्यरत हैं? क्या सरकार उसका विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों ?

सैनिक कल्याण

श्री संजय गुप्ता
07.08.2019

25. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि हरिद्वार–भोगपुर–बालावली तक गांव बाँध के ऊपर लगभग 35 कि0मी0 सड़क मार्ग के निर्माण की मांग दशकों से की जा रही है? क्योंकि इस मार्ग के निर्माण से लाखों लोगों को यात्रा के लिए कृषि व अन्य उत्पादों को लाने व ले जाने के लिए एक सुगम वैकल्पिक मार्ग मिल जायेगा जो क्षेत्र के आर्थिक विकास के लिए अति आवश्यक है ? क्या सरकार जनहित में हरिद्वार–भोगपुर–बालावली तक सड़क निर्माण कराये जाने पर विचार करेगी ?

लोक निर्माण

| | | |
|---|---|---|
| स्वामी यतीश्वरानन्द 07.08.2019 | 26. क्या स्वास्थ्य मंत्री अवगत हैं कि विधान सभा क्षेत्र हरिद्वार ग्रामीण के अर्न्तगत लगभग 70 हजार आबादी वाले लालढांग क्षेत्र में एक 04 बैड युक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र है और यहाँ आधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं का अभाव है ? क्या मंत्री जी इस बात से भी अवगत हैं कि लालढांग में स्वास्थ्य सेवा बेहतर न होने से आस–पास की अधिकांश आबादी स्वास्थ्य रक्षा के लिए मजबूर होकर 35 कि0मी0 दूर हरिद्वार जाती है और इमरजेंसी सेवाओं के अभाव में कई रोगियों की जान चली जाती है? यदि हां, तो क्या सरकार लालढांग प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र को उच्चीकृत एवं आई.सी.यू. युक्त करने एवं ब्लड बैंक स्थापित करने की कोई योजना विचाराधीन है ? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों ? | स्वास्थ्य |
| स्वामी यतीश्वरानन्द 07.08.2019 | 27. क्या राजस्व मंत्री अवगत हैं कि प्रदेश की पूर्ववर्ती सरकार के समय तत्कालीन मुख्यमंत्री जी ने लालढागं को तहसील बनाने की घोषणा की थी, परन्तु आज तिथि तक लालढांग को तहसील बनाने जाने की कोई कार्यवाही नहीं हो पायी हैं ? क्या सरकार जनहित में लालढांग को तहसील बनाने पर विचार कर रही है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों ? | राजस्व |
| स्वामी यतीश्वरानन्द 07.08.2019 | 28. क्या स्वास्थ्य मंत्री अवगत हैं कि प्रदेश में जनसामान्य को सस्ती और स्तरीय दवा दिलवाने के लिए केन्द्र सरकार की प्रधानमंत्री जन औषधि योजना शुरू की गयी है ? लेकिन इन केन्द्रों पर ज्यादातर दवा विक्रेता निजी कम्पनियों की मंहगी दवाएं बेचने का काम कर रहे हैं, जिससे आमजन के साथ बड़ी ठगी हो रही है ? क्या सरकार इसको रोकने के लिए कोई प्रयास कर रही है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | स्वास्थ्य |
| श्री धन सिंह नेगी 07.08.2019 | 29. क्या ऊर्जा मंत्री अवगत हैं कि राज्य सरकार पिटकुल के माध्यम से ट्रांसफार्मर्स क्रय करती है? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य सरकार ने वर्ष, 2013–2016 तक कितने ट्रांसफार्मर्स व किस कम्पनी से व कितनी धनराशि में क्रय किये हैं ? क्या यह भी सत्य है कि क्रय किये गये ट्रांसफार्मर्स की गारन्टी पीरियड भी होती हैं? यदि हां तो क्या सरकार यह बताने का कष्ट करेगी कि 2013–2016 तक क्रय किये गये ट्रांसफार्मर्स में से कितने कार्यरत् हैं तथा उनकी क्रय प्रक्रिया क्या है तथा वह अभी तक कैसे कार्य कर रहे हैं ? यदि नहीं, तो क्यों ? | ऊर्जा |

| | | |
|---|---|---|
| श्री राम सिंह कैड़ा<br>08.08.2019 | 30. क्या ग्राम्य विकास मंत्री अवगत हैं कि विधान सभा क्षेत्र भीमताल के अन्तर्गत ढोलीगांव से कैड़ागांव, पजैना से धैना–कुकना, नाई से भुमका, हरीनगर से थली, देवलीधार से सुई, अमजड़ से सुवाकोट पोखरी मोटर मार्गों का 6 माह पूर्व टैन्डर हो चुका है? लेकिन अभी तक सड़कों का निर्माण प्रारम्भ नहीं हुआ ? क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे उक्त मोटर मार्गों का निर्माण कार्य कब तक प्रारम्भ होगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | ग्राम्य विकास |
| श्री राम सिंह कैड़ा<br>08.08.2019 | 31. क्या राजस्व मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधान सभा क्षेत्र भीमताल के ओखलकाण्डा ब्लॉक के खनस्यूं में तहसील खोली गई है, वह केवल नाम की तहसील बन कर रह गई है ? तहसील भवन का निर्माण व तहसील में सृजित पदों को सरकार कब तक भरेगी, यदि नहीं, तो क्यों ? | राजस्व |
| श्री राम सिंह कैड़ा<br>08.08.2019 | 32. क्या राजस्व मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधान सभा क्षेत्र भीमताल के भीमताल ब्लॉक के ग्रामीण वर्षों से भीमताल में तहसील खोलने की मांग कर रहे हैं ? भीमताल ब्लॉक के लोगों को तहसील संबंधी कार्यों के लिए 70–80 किमी. दूर जाना पड़ता है ? क्या सरकार भीमताल में तहसील का निर्माण करायेगी ? यदि हां तो, कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | राजस्व |
| श्री पूरन सिंह फर्त्याल<br>08.08.2019 | 33. क्या पेयजल मंत्री अवगत हैं कि विधान सभा क्षेत्र लोहाघाट के तीनों विकासखण्ड लोहाघाट, पाटी एवं बाराकोट की विभिन्न ग्राम पंचायतों में 25 साल से पूर्व की पेयजल योजनायें जीर्ण क्षीर्ण हो चुकी हैं एवं लाइनों के क्षतिग्रस्त होने से ग्रामवासियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड रहा है? क्या सरकार ग्रामवासियों की परेशानियों को ध्यान में रखते हुए उन क्षतिग्रस्त पेयजल लाईनों के पुर्ननिर्माण एवं नई पेयजल योजना हेतु कोई योजना बना रही है? या कोई वैकल्पिक व्यवस्था हेतु वर्तमान में सरकार कोई व्यवस्था कर रही है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यो? | पेयजल |
| श्री पूरन सिंह फर्त्याल<br>08.08.2019 | **मा0 उच्चतम न्यायालय में विचाराधीन होने के अधार पर निरस्त।**<br>34. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड में फर्जी अनुभव प्रमाण पत्रों और दस्तावेजों से ठेका हासिल करने वाले ठेकेदार फर्जीवाड़ा सिद्ध होने के बाद भी निविदाये डाल रहे हैं ? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि जिस प्रकार ठेकेदार द्वारा<br><br>टनकपुर जौलजीबी 2 लेन मोटर मार्ग में विभागीय अधिकारियों से मिलीभगत कर ठेका हथिया कर सरकारी धन का दुरूपयोग किया गया | लोक निर्माण |

| | | |
|---|---|---|
| | एवं आरोप सिद्ध होने के बाद भी उसे वर्तमान तक काली सूची में नहीं डाला गया है?क्या आरोपी ठेकेदार वर्तमान में भी निविदा आवंटन में प्रतिभाग कर रहा है और ऐसे ठेकेदारों पर समय से समुचित कार्यवाही न होने से भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिल रहा है? क्या सरकार ऐसे फर्जी दस्तावेजों से निविदा हथियाने वाले तथा सरकारी धन का दुरूपयोग करने वाले ठेकेदारों को उत्तराखण्ड में निविदा डालने में पाबन्दी लगाएगी और इन ठेकेदारों को काली सूची में डालेगी? यदि हाँ ,तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | |
| श्री पूरन सिंह फर्त्याल<br>08.08.2019 | 35. क्या स्वास्थ्य मंत्री अवगत हैं कि विधान सभा लोहाघाट के अन्तर्गत तीन विकासखण्ड (लोहाघाट, पाटी, बाराकोट) स्थित है, जहाँ पर सिर्फ दो विकासखण्डों में ही 108 गाड़ियां उपलब्ध है तथा विकासखण्ड बाराकोट में 108 गाड़ी की सुविधा उपलब्ध नहीं है? क्या यह सत्य है कि विकासखण्ड बाराकोट के अन्तर्गत कोई भी घटना होती है तो दूसरे विकासखण्ड से 108 की गाड़ी को पहुंचने में काफी समय लग जाता है तथा कई बार 108 की गाड़ी को अपने ही विकासखण्ड में सेवा देने के कारण उपलब्ध होना सम्भव नहीं हो पाता है, जिस कारण ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है तथा अधिकांशतः समय पर उचित उपचार न मिलने से अनहोनी हो जाती है ? क्या मंत्री जी अवगत हैं कि ग्रामीणों द्वारा 108 की मांग काफी लम्बे समय से की जा रही है? क्या सरकार ग्रामीणों की इस ज्वलन्त समस्या को ध्यान में रखते हुए विकासखण्ड बाराकोट के लिए 108 गाड़ी की व्यवस्था करेगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | स्वास्थ्य |
| श्री चन्दन राम दास<br>08.08.2019 | 36. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधान सभा क्षेत्र बागेश्वर में वर्ष, 2017–18 व 2018–19 में कितनी सड़कें द्वितीय चरण में तथा कितनी सड़कें प्रथम चरण में स्वीकृत हुई हैं ? क्या सड़कों के नाम व मदवार धनराशि आवंटन की सूचना प्रदान करने का कष्ट करेंगे ? | लोक निर्माण |
| श्री संजय गुप्ता<br>08.08.2019 | 37. क्या पशुपालन मंत्री अवगत हैं कि जिला हरिद्वार में गौवंश के वध की घटनाओं का समाचार आये दिन आता रहता है, जिससे आमजन में भारी रोष है ? क्या सरकार गौहत्या को गम्भीर अपराध की श्रेणी में मानकर इस पाप के लिए सजा बढ़ाने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पशुपालन |
| श्री संजय गुप्ता<br>08.08.2019 | 38. क्या स्वास्थ्य मंत्री अवगत हैं कि विधान सभा क्षेत्र लक्सर में एक 30 | |

| | | |
|---|---|---|
| | बैड युक्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र है? क्या मंत्री जी इस बात से भी अवगत हैं, कि लक्सर में स्वास्थ्य सेवा बेहतर न होने से आस–पास की अधिकांश आबादी को स्वास्थ्य रक्षा के लिए मजबूर होकर 35 किमी0 दूर हरिद्वार की ओर रूख करना पड़ता है, और इमरजेंसी सेवाओं के अभाव में कई रोगियों की जान चली जाती है? क्या सरकार द्वारा लक्सर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र को उच्चीकृत एवं आई0सी0यू0 युक्त करने एवं ब्लड बैंक स्थापित करने की कोई योजना विचाराधीन है? यदि हॉ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | स्वास्थ्य |
| श्री धन सिंह नेगी 08.08.2019 | 39. क्या आपदा प्रबंधन मंत्री अवगत हैं कि सरकार प्रतिवर्ष आपदा से प्रभावित कार्यों सड़क, बिजली, पानी, ग्रामीण सम्पर्क मार्ग की क्षतिग्रस्त योजनाओं के लिए धनराशि जारी करती है ? यदि हाँ तो वित्तीय वर्ष, 2019–20 के लिए अभी तक जनपदवार जारी धनराशि का विवरण क्या है? क्या यह भी सत्य है कि आपदा के मानकों में शिथिलीकरण के लिए सरकार प्रयास कर रही है? यदि हाँ तो दैवीय आपदा से क्षतिग्रस्त लो0नि0वि0 की सड़कों, ग्रामीण पेयजल योजनाओं, पुलियाओं के लिए सरकार किस प्रकार धनराशि जारी कर उनके पुनर्निर्माण का कार्य करती है, का विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं तो क्यों ? | आपदा प्रबंधन |
| श्री धन सिंह नेगी 08.08.2019 | 40. क्या सूचना एवं प्रौद्योगिकी मंत्री अवगत हैं कि राज्य में सूचना प्रौद्योगिकी के लिए सूचना प्रौद्योगिकी विकास प्राधिकरण गठित है ? यदि हाँ, तो क्या वर्तमान समय में उक्त प्राधिकरण का प्रशासनिक ढांचा स्वीकृत कर दिया गया है ? क्या यह भी सत्य है कि सूचना प्रौद्योगिकी विकास प्राधिकरण का कार्य राज्य के सभी विभागों से तकनीकी सहयोग प्रदान करना है ? यदि हाँ, तो क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि अभी तक उक्त प्राधिकरण द्वारा किन–किन विभागों में नवीनतम तकनीकी का उपयोग कर क्या–क्या कार्य प्रारम्भ किये गये हैं ? यदि नही, तो क्यों ? | सूचना एवं प्रौद्योगिकी |
| श्री राजकुमार 08.08.2019 | 41. क्या उद्योग मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि इनवेस्टर समिट के पश्चात् प्रदेश में कुल कितने नये उद्योग स्थापित हुए तथा उनसे कितने स्थानीय युवाओं को रोजगार दिया गया ? क्या सरकार उनका विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | उद्योग |
| श्री राजकुमार 08.08.2019 | 42. क्या उद्योग मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि इनवेस्टर समिट के अन्तर्गत प्रदेश में कुल कितने उद्योगपति सम्मिलित हुए तथा इनवेस्टर समिट के आयोजन में कुल कितना बजट खर्च हुआ ? क्या सरकार | उद्योग |

| | | |
|---|---|---|
| | उसका विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | |
| श्री राजकुमार<br>08.08.2019 | 43. क्या वित्त मंत्री अवगत हैं कि प्रदेश में वर्तमान समय में विभिन्न विभागों में कार्यरत कर्मचारियों को विगत कई महीनों से वेतन का भुगतान समय से नहीं किया जा रहा हैं? यदि हॉ तो इसके क्या कारण हैं? क्या सरकार कर्मचारियों को समय से वेतन भुगतान किये जाने हेतु, कोई व्यवस्था सुनिश्चित करेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | वित्त |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>09.08.2019 | 44. क्या आबकारी मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में अंग्रेजी शराब की दुकानों पर प्रकाशित मूल्य (प्रिंट रेट) से अधिक मूल्य पर शराब की बिक्री की जा रही है? सरकार द्वारा ऐसे प्रकरण की मौखिक अथवा लिखित शिकायतों के लिए कोई ठोस व्यवस्था बनायी गई है? क्या सरकार बतायेगी कि प्रिंट रेट से अधिक मूल्य पर शराब बिक्री के मामलों पर सरकार द्वारा ऐसे दुकानों/अनुज्ञापियों पर कोई कार्यवाही की जाती हैं? यदि हां तो वर्ष, 2016–17 व 2017–2018 में प्रदेश में ऐसी कितनी शिकायतें विभाग को प्राप्त हुई और उन पर क्या–क्या कार्यवाही की गई ? यदि नहीं, तो क्यों? | आबकारी |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>09.08.2019 | 45. क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधानसभा क्षेत्र धनोल्टी में विकासखण्ड जौनपुर अन्तर्गत काण्डी पम्पिंग पेयजल योजना निर्माण की घोषणा मुख्यमंत्री जी द्वारा की गई थी ? यदि हां, तो उक्त घोषणा की अब तक की प्रगति क्या है और उक्त योजना का निर्माण कब तक करवा लिया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पेयजल |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>09.08.2019 | 46. क्या वित्त मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधानसभा क्षेत्र धनोल्टी में राष्ट्रीय राजमार्ग सं0 94 पर स्थित कमांद कस्बा सांस्कृतिक व व्यापारिक क्षेत्र में तेजी से तब्दील हो रहा है ? क्या स्थानीय जनता के द्वारा कमांद मे राष्ट्रीयकृत बैंक की शाखा खोलें जाने की मांग लम्बे समय से की जा रही है ? यदि हां, तो कमांद वि0ख0 थौलधार, जनपद टिहरी गढ़वाल में राष्ट्रीयकृत बैंक की शाखा कब तक खुलवायी जायेगी ? यदि नही, तो क्यों ? | वित्त |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>09.08.2019 | 47. क्या आबकारी मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में अग्रेजी शराब की दुकानों के लिए वर्ष, 2019–20 हेतु कुल अधिभार में 20% की बढ़ोत्तरी की गई है ? क्या यह भी सत्य है कि 20% की बढ़ोतरी किये जाने वाले फैसले से अधिकांश दुकानदारों/अनुज्ञापियों ने अंग्रेजी शराब की दुकान चलाने से इंकार कर दिया जिससे सरकार को करोड़ों रूपये | आबकारी |

| | | |
|---|---|---|
| | की राजस्व की हानि उठानी पड़ी ? क्या सरकार द्वारा इस निर्णय की समीक्षा कर दुकान पुनः आंवटित की जायेंगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | |
| श्री राम सिंह कैड़ा<br>09.08.2019 | 48. क्या पेयजल मंत्री अवगत हैं कि राज्य सरकार विधान सभा वार प्रतिवर्ष पानी की आपूर्ति हेतु हैन्ड पम्पों की स्थापना के लिए बजट आवंटित करती है ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि अभी तक सरकार ने वित्तीय वर्ष, 2017–18 व 2018–19 में विधान सभा क्षेत्र भीमताल में कितने हैण्ड पम्पों की स्वीकृतियां दी हैं ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पेयजल |
| श्री राजकुमार<br>09.08.2019 | 49. क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वर्तमान सरकार द्वारा विधान सभा क्षेत्र पुरोला के अन्तर्गत अभी तक कितनी पेयजल योजनाएं स्वीकृत की हैं ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पेयजल |
| श्री राजकुमार<br>09.08.2019 | 50. क्या उद्योग मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि गढ़वाल मण्डल में ई–टैण्डरिंग द्वारा दिये गये खनन पट्टों से पूरा राजस्व वसूल कर लिया गया है ? यदि हां, तो कितना ? यदि नहीं, तो क्यों ? | उद्योग |
| श्री राजकुमार<br>09.08.2019 | 51. क्या उद्योग मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वर्तमान मे प्रदेश में कुल कितने स्टोन क्रेशर संचालित हो रहे हैं? क्या संचालित हो रहे स्टोन क्रेशर के पास कच्चे माल की उपलब्धता पर्याप्त है? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि स्टोन क्रेशर की फाइलें अनापत्ति हेतु शासन में लम्बित हैं तथा लम्बित होने का कारण क्या हैं ? | उद्योग |
| श्री पूरन सिंह फर्त्याल<br>09.08.2019 | 52. क्या स्वास्थ्य मंत्री अवगत हैं कि लोहाघाट सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तीनों विकासखण्डों का मुख्य केन्द्र है, जहाँ पर प्रतिदिन 300–500 ओ0पी0डी0 होती है तथा नेपाल सीमा से लगा होने के कारण नेपाल से भी लोग उपचार हेतु आते है, परन्तु यहाँ पर हड्डी रोग विशेषज्ञ तथा स्त्री रोग विशेषज्ञ न होने से आये दिन मरीजों को हायर सेन्टर रेफर किया जाता है, जिस कारण लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है ? क्या सरकार तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लोहाघाट में डॉक्टरों की नियुक्ति करेगी जिससे लोगों को उचित सुविधा उपलब्ध हो सकें? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | स्वास्थ्य |
| श्री पूरन सिंह फर्त्याल<br>09.08.2019 | 53. क्या स्वास्थ्य मंत्री अवगत हैं कि लोहाघाट सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तीनों विकासखण्डो का मुख्य केन्द्र है जहाँ पर वर्तमान में लगभग ढाई लाख की आबादी है तथा इस स्वास्थ्य केन्द्र में प्रतिदिन 300–500 ओ0पी0डी0 होती है ? क्या मंत्री जी यह बतायेंगे कि इतनी अधिक | स्वास्थ्य |

| | | |
|---|---|---|
| | आबादी के बीच एक ही सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में समुचित उपचार मिल पाना सम्भव नहीं है, जिस कारण लोहाघाट के इस सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का संयुक्त चिकित्सालय में उच्चीकरण करने हेतु काफी समय से मांग की जा रही है? यदि हां, तो क्या सरकार जनता की समस्या को ध्यान में रखते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लोहाघाट का संयुक्त चिकित्सालय में उच्चीकरण करेगी? यही हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | |
| श्री चन्दन राम दास<br>09.08.2019 | 54. क्या लोक निर्माण मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि विधान सभा क्षेत्र बागेश्वर में कितनी ऐसी सड़के हैं जिनमें डामरीकरण होना है एवं उन सड़कों के नाम व संख्या बताने का कष्ट करेंगे ? उन सड़कों में कब तक डामरीकरण कार्य पूर्ण करने का लक्ष्य है ? क्या इसी वित्तीय वर्ष में डामरीकरण व पार्ट–टू का काम पूर्ण कराने पर विचार करेंगे ? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण |
| श्री चन्दन राम दास<br>09.08.2019 | 55. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेगें कि विधान सभा क्षेत्र बागेश्वर में कौन–कौन सी सड़कों की सैद्धान्तिक स्वीकृति प्राप्त है ? यदि हां, तो मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेगें कि कब तक इनके निर्माण की कार्यवाही प्रारम्भ हो सकेगी ? | लोक निर्माण |
| श्री धन सिंह नेगी<br>09.08.2019 | 56. क्या स्वास्थ्य मंत्री अवगत हैं कि राज्य में फार्मासिस्ट के पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया गतिमान है ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में रिक्त फार्मसिस्ट के पदों पर नियुक्ति हेतु अभी तक क्या कार्यवाही की गई है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | स्वास्थ्य |
| श्रीमती ममता राकेश<br>13.08.2019 | 57. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि जनपद पौड़ी के प्रान्तीय खण्ड लोक निर्माण दुगड्डा द्वारा निर्मित करैंखाल से ग्राम गोदी (बड़ी) तक निर्मित मार्ग हेतु अधिग्रहीत भूमि खसरा संख्या 160 के मुआवजे का भुगतान बारह वर्ष व्यतीत हो जाने के उपरान्त भी नहीं किया गया है ? यदि हां, तो भू–स्वामी को उक्त मुआवजे का भुगतान कब तक कर दिया जाएगा ? | लोक निर्माण |
| श्रीमती ममता राकेश<br>13.08.2019 | 58. उत्तराखण्ड विधान सभा के द्वितीय सत्र 2019 के प्रथम सोमवार हेतु निर्धारित अतारांकित प्रश्न संख्या 16 के उत्तर के संदर्भ में क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि खसरा संख्या 161 हेतु मुआवजे के प्रस्तुत दस्तावेज पंजीकृत (बयनामा) संख्या 1803 I/2006 दिनांक 21 सितम्बर, 2006 कूटरचित है ? यदि नहीं, तो क्या मंत्री जी इसकी जांच कराकर | लोक निर्माण |

| | | |
|---|---|---|
| | वस्तुस्थिति उक्त दस्तावेज की प्रति तथा सम्बन्धित भू–अध्याप्ति रजिस्टर के संगत अंश की प्रति सदन के पटल पर रखने का कष्ट करेंगे ? यदि नहीं, तो क्यों ? | |
| श्रीमती ममता राकेश<br>13.08.2019 | 59. क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि देहरादून नगर के वार्ड–2 में सीवर लाईन बिछाने का कार्य पूर्ण कर लिया गया है ? यदि हां, तो कब ? यदि नहीं, तो उक्त वार्ड में सीवर लाईन बिछाने का कार्य कब तक पूर्ण कर लिया जाएगा ? | पेयजल |
| श्रीमती ममता राकेश<br>13.08.2019 | **तृतीय सोमवार के अतारांकित प्रश्न संख्या 33 में स्थानान्तरित।**<br>60. क्या राजस्व मंत्री अवगत हैं कि सब रजिस्ट्रार कोटद्वार के कार्यालय में पंजीकृत बयनामा संख्या 1803 I/2006 दिनांक 21 सितम्बर, 2006 जो जनपद पौड़ी के तहसील कोटद्वार, ग्राम गोदी (बड़ी) के खसरा संख्या 161 से सम्बन्धित है, को भू–अभिलेखों से पुष्टि कराए बिना पंजीकृत कराया गया है ? यदि नहीं, तो क्या उसकी जांच कराकर दोषियों के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? | राजस्व |
| श्री धन सिंह नेगी<br>13.08.2019 | 61. क्या पेयजल मंत्री अवगत है कि राज्य सरकार जनहित में अत्यन्त महत्वपूर्ण पेयजल योजनाओं का निर्माण करवाती है ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि विधान सभा क्षेत्र टिहरी की कोश्यारताल पम्पिंग योजना द्वितीय चरण नई टिहरी चम्बा व रानीचौरी पम्पिंग योजनाओं के लिए अभी तक सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की गयी है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पेयजल |
| श्री धन सिंह नेगी<br>13.08.2019 | 62. क्या पेयजल मंत्री अवगत हैं कि राज्य सरकार द्वारा ग्रामीण एवं शहरी पम्पिंग योजनाओं के रखरखाव के लिए धनराशि दी जाती है ? यदि हां तो क्या मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि विधान सभा क्षेत्र टिहरी के अन्तर्गत नई टिहरी, रानीचौरी, खुरेत, टिपरी पम्पिंग योजनाओं पर सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2017–18 व 2018–19 में कितनी धनराशि व्यय की गयी है ? यदि नही, तो क्यों ? | पेयजल |
| श्री धन सिंह नेगी<br>14.08.2019 | 63. क्या चिकित्सा शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि राज्य में पैरामेडिकल क्षेत्र में नर्सिंग कॉलेज ए0एन0एम0 / जी0एन0एम0 प्रशिक्षण के लिए स्वीकृत हुए हैं एवं उनमें सीटों की संख्या का विवरण क्या है ? यदि हां, तो वर्तमान में राज्य में कितने संस्थान नर्सिंग कॉलेज ए0एन0एम0 / जी0एन0एम0 प्रशिक्षण के लिए स्वीकृत हुए हैं एवं उनमें सीटों की संख्या का विवरण क्या है ? क्या यह भी सत्य है कि नर्सिंग कॉलेज में प्रशिक्षित व अप्रशिक्षित स्टॉफ के लिए पदों का सृजन किया गया है ? यदि हां, तो वर्तमान में राज्य भर में नर्सिंग कॉलेजों में कितने पद प्रशिक्षित व | चिकित्सा शिक्षा |

अप्रशिक्षित सृजित हैं तथा उनके सापेक्ष कितने लोग रखे गये हैं ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री धन सिंह नेगी
14.08.2019

64. क्या नियोजन मंत्री अवगत हैं कि सरकार जिला योजना के तहत जनपद स्तर पर बजट आंवटित करती है ? यदि हां तो, क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि वित्तीय वर्ष 2019–2020 तक जनपदवार कितनी धनराशि का बजट प्राविधानित किया गया व अभी तक कितना जारी किया गया है ? क्या यह भी सत्य है कि जिला योजना के बजट का अनुमोदन जनपद स्तर पर प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता मे होता है ? यदि हां, तो क्या सरकार जिला योजना की त्रैमासिक समीक्षा बैठकों के आधार पर धनराशि खर्च करने की समय सीमा तय करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

नियोजन

श्री धन सिंह नेगी
14.08.2019

**द्वितीय मंगलवार के अतारांकित प्रश्न संख्या 09 में स्थानान्तरित।**

65. क्या तकनीकी शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि टिहरी विधान सभा के अन्तर्गत स्थित होटल मैनेजमेन्ट संस्थान, नई टिहरी के संचालन हेतु सरकार की योजना है ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि उक्त संस्थान मे वर्तमान में विभिन्न ट्रेडों में प्रशिक्षण लेने वाले छात्र–छात्राओं का विवरण क्या है ? क्या यह भी सत्य है कि उक्त संस्थान में पदों का सृजन कर दिया गया है ? यदि हां, तो उक्त संस्थान में स्वीकृत पदों के सापेक्ष रखे गये स्थायी व अस्थाई कार्मिकों का विवरण क्या है ? यदि नहीं, तो क्यों ?

तकनीकी शिक्षा

श्री प्रीतम सिंह पंवार
16.08.2019

66. क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी में विकास खण्ड थौलधार के स्यांसू और नकोटखोली गांवों के लिए पेयजल योजना का निर्माण किया गया था ? क्या यह सत्य है कि कोटीगाड़ से 11 कि0मी0 लम्बी पेयजल योजना का निर्माण तो किया गया किन्तु जलागम टैंकों तथा स्टैण्ड पोस्ट का निर्माण नहीं किया गया जिससे स्यांसू के 70 तथा नकोटखोली में निवासरत 90 परिवारों को नियमित पेयजल उपलब्ध नहीं हो पा रहा है ? क्या सरकार उक्त पेयजल योजना को पूर्ण करायेगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

पेयजल

श्री प्रीतम सिंह पंवार
16.08.2019

67. क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी में राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल सम्पूर्ति योजना (एन.आर.डी.डब्ल्यू.डी.पी.) की कुल कितनी और कौन–कौन सी योजनायें स्वीकृत की गई थी और उनमें से आतिथि तक कौन–कौन सी योजनाएं स्वीकृत की गई, जिन पर निर्माण कार्य गतिमान है ? क्या सरकार बतायेगी कि शेष प्रस्तावित योजनायें कब तक स्वीकृत की जायेंगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

पेयजल

श्री धन सिंह नेगी

**विस्तीर्णता के आधार पर निरस्त ।**

| | | |
|---|---|---|
| 16.08.2019 | 68. क्या मुख्यमंत्री जी अवगत हैं कि सरकार द्वारा गरीब बेसहारा लोगों के लिए मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से धनराशि स्वीकृत की जाती है ? यदि हां, तो क्या मुख्यमंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि पात्र व्यक्तियों को स्वीकृत धनराशि किस माध्यम से दी जाती है ? क्या यह भी सत्य है कि सरकार की अधिकांश योजनाएं डायरेक्ट बेनीफिट स्कीम के तहत लाभार्थियों तक सीधे खाते में पहुंच रही है ? यदि हां, तो क्या सरकार मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष के तहत चयनित लाभार्थियों को भी डायरेक्ट बेनीफिट स्कीम के तहत लाभ पहुंचाने का कार्य करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | मुख्यमंत्री कार्यालय |
| श्री धन सिंह नेगी<br>16.08.2019 | 69. क्या ग्राम्य विकास मंत्री अवगत हैं कि सरकार जनपदवार विकास खण्डों के लिए भवन निर्माण के लिए धनराशि अवमुक्त करती है ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि अभी तक जनपद टिहरी गढ़वाल में कितने विकास खण्डों का भवन निर्माण हो चुका है ? क्या यह भी सत्य है कि सरकार विकास खण्डों के पुराने एवं जीर्ण–शीर्ण भवनों का पुर्नगठन कर धनराशि जारी करती है ? यदि हां, तो क्या सरकार विधान सभा क्षेत्र टिहरी के अन्तर्गत वि0ख0 चम्बा के क्षतिग्रस्त भवन निर्माण के लिए अग्रेत्तर कार्यवाही करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | ग्राम्य विकास |
| श्री धन सिंह नेगी<br>16.08.2019 | 70. क्या पेयजल मंत्री अवगत हैं कि सरकार पेयजल आपूर्ति के लिए बनायी गयी पम्पिंग पेयजल योजनाओं का पुनर्गठन करती है ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि विधान सभा क्षेत्र टिहरी के अन्तर्गत चम्बा, रानीचौरी व नई टिहरी पम्पिंग योजनाओं के पुनर्गठन लिए सरकार ने कोई कार्यवाही की है ? यदि हां, तो इन पर कब तक स्वीकृति प्रदान की जायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पेयजल |
| श्री खजान दास<br>16.08.2019 | 71. क्या पेयजल मंत्री अवगत हैं कि देहरादून के खुडबुड़ा, कांवली रोड, झण्डा आदि क्षेत्रों में सीवर लाईनें, मेनहॉल अत्यन्त जीर्ण–शीर्ण अवस्था में हैं तथा कई जगहों पर खुले में बह रही सीवर एवं मेनहोलों पर हो रहे ओवरफ्लो से जनमानस को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है ? क्या मंत्री जी यह भी अवगत हैं कि उक्त क्षेत्र में तत्संबधी कार्य किये जाने हेतु अधिशासी अभियन्ता (दक्षिण) उत्तराखण्ड जल संस्थान, देहरादून द्वारा शासन को प्रेषित आंगणन रू0 172.14 लाख पर आज तक भी स्वीकृति प्रदान नही हो पाई है ? क्या सरकार जनहित में | पेयजल |

देहरादून के खुडबुड़ा क्षेत्र, कावली रोड, झण्डा जोन आदि क्षेत्रों में अत्यन्त जीर्ण–शीर्ण सीवर लाईनें, मेनहॉल के पुनर्निर्माण को स्वीकृति प्रदान करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>19.08.2019 | 72. क्या गृह मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में अग्निशमन विभाग में अधिकारियों व कर्मचारियों के कुल कितने पद स्वीकृत हैं और स्वीकृत पदों के सापेक्ष कुल कितने पद रिक्त चल रहे हैं ? क्या यह सत्य है कि अग्निशमन विभाग संसाधन तथा आधुनिक उपकरणों की भारी कमी से जूझ रहा है ? यदि हां तो, क्या सरकार रिक्त पदों की पूर्ति तथा आधुनिक उपकरणों की कमी को दूर करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | गृह |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>19.08.2019 | 73. क्या राजस्व मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में लगभग पिछले पचास वर्षों से भूमि की पैमाईश/बन्दोबस्त नहीं किया गया है ? क्या यह सत्य है कि लम्बे समय से भूमि की पैमाईश/बन्दोबस्त न किये जाने से राजस्व अभिलेखों में खातेदारों तथा वारिसानों की भूमि में भारी अन्तर है ? क्या सरकार प्रदेश में भूमि पैमाईश/बन्दोबस्त करवायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | राजस्व |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>19.08.2019 | 74. क्या नागरिक उड्डयन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रसिद्ध केदारनाथ धाम तथा घांघरिया (हेमकुंड) जाने वाले तीर्थ यात्रियों व पर्यटकों हेतु हवाई यात्रा किराया काफी अधिक है ? क्या यह सत्य है कि उक्त हवाई यात्रा वैष्णो देवी हवाई यात्रा से तीन गुना महंगी है ? क्या सरकार तीर्थ यात्रियों/पर्यटकों के हित में हवाई यात्रा मद में संशोधन कर कमी करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं तो क्यों ? | नागरिक उड्डयन |
| श्री धन सिंह नेगी<br>19.08.2019 | 75. क्या ग्राम्य विकास मंत्री अवगत हैं कि राज्य में मनरेगा के तहत कराये जाने वाले कार्यों की तकनीकी स्वीकृतियां प्रदान की जाती हैं ? यदि हां, तो जनपद स्तर पर मनरेगा के तहत कराये जाने वाले कार्यों की तकनीकी स्वीकृतियों के लिए कौन सा विभाग अधिकृत है ? क्या यह भी सत्य है कि तकनीकी स्वीकृतियों के कारण मनरेगा के तहत स्वीकृत कार्यों में विलम्ब होता है ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त विलम्ब का कारण बतायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | ग्राम्य विकास |

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>20.08.2019 | 76. क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में सौभाग्य योजना के अन्तर्गत राज्य के प्रत्येक घर/परिवार को विद्युत संयोजन उपलब्ध कराये जाने का लक्ष्य क्या निर्धारित किया गया है ? क्या यह सत्य है कि आज भी प्रदेश में हजारों परिवार विद्युत सुविधा से वंचित हैं ? क्या सरकार बतायेगी कि राज्य के सभी अविद्युतिकृत घरों/परिवारों को विद्युत सुविधा से संतृप्त किया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | ऊर्जा |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>20.08.2019 | 77. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में डायरिया की रोकथाम के लिए रोटा वायरस का टीका सरकारी अस्पतालों में निःशुल्क लगाया जा रहा है ? क्या सरकार बतायेगी कि यह टीका अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों/प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों तथा समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में भी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराया गया है ? क्या यह सत्य है कि जानकारी के अभाव तथा प्रचार–प्रसार की कमी के कारण अधिकांश स्थानों पर रोटा वायरस टीकाकरण अभियान को गति नहीं मिल पायी है ? क्या सरकार इस महत्वपूर्ण टीकाकरण अभियान को शत प्रतिशत सफल बनाने के लिए अतिरिक्त उपाय करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | स्वास्थ्य |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>20.08.2019 | 78. क्या औद्योगिक विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढ़वाल में जिला खनिज न्यास में कुल कितनी धनराशि संचित की जा चुकी है ? क्या सरकार बतायेगी कि वर्ष 2018–19 में संचित कुल धनराशि में से जनपद के किन–किन विद्यालयों को किन–किन मदों में कुल कितनी धनराशि का आवंटन किया गया है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | औद्योगिक विकास |
| श्री प्रीतम सिंह<br>20.08.2019 | 79. क्या मत्स्य विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में ट्राउट मछली का उत्पादन बढ़ाने के लिए अब तक सरकार द्वारा क्या प्रयास किये गये हैं ? यदि नहीं, तो क्यों ? | मत्स्य विकास |
| श्री प्रीतम सिंह<br>20.08.2019 | 80. क्या मत्स्य विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में मत्स्य पालन को बढ़ाने के लिए सरकार द्वारा अब तक क्या प्रयास किये गये हैं ? यदि नहीं, तो क्यों ? | मत्स्य विकास |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>20.08.2019 | 81. क्या चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री अवगत है कि विधान सभा के द्वितीय सत्र 2019 में पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या–84 के क्रम में अवगत कराने का कष्ट करें कि राष्ट्रीय मिशन योजना के अन्तर्गत होम्योपैथिक संविदा बहुउद्देशीय कर्मियों एवं फार्मासिस्टों के लम्बित मानदेय के भुगतान में अद्यतन क्या कार्यवाही हुई ? निदेशक, | चिकित्सा एवं स्वास्थ्य |

होम्योपैथिक विभाग द्वारा उक्त भुगतान हेतु रू0–38,28,000 की मांग मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य का तत्समय (लगभग कई वर्षों) से जमा रू0–7,75,000 को समायोजित कर अवशेष धनराशि रू0–30,53,000 की मांग की गयी थी? क्या होम्योपैथिक विभाग में पूर्व से जमा धनराशि रू0–7,75,326 का भुगतान अल्प मानदेय बहुउद्देश्यीय कर्मियों को एवं अवशेष धनराशि रू0–30,53,000 का भुगतान कब तक किया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री प्रीतम सिंह पंवार
21.08.2019

**एक से अधिक विभागों से सम्बन्धित होने के आधार पर निरस्त।**

82. क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में सरकार द्वारा वर्षा जल के समुचित संग्रहण के लिए क्या–क्या उपाय किये जा रहे हैं? क्या सरकार वर्षा जल संग्रहण के लिए महिला/युवक मंगल दलों तथा वन पंचायतों का सहयोग लेकर वर्षा जल संग्रहण के लिए कोई ठोस व कारगर नीति बनाने जा रही है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों ?

पेयजल

श्री प्रीतम सिंह पंवार
21.08.2019

83. क्या भाषा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में कुमाऊँनी, गढ़वाली और जौनसारी के अलावा यहां कि बोलियों के संरक्षण एवं संवर्द्धन के लिए सरकार की क्या–क्या योजनाएं हैं ? क्या यह सत्य है कि देश की साहित्य अकादमी गढ़वाली और कुमाऊँनी भाषा को एक समूह भाषा मानती है ? यदि हां, तो क्या सरकार गढ़वाली और कुमाऊँनी भाषा को आठवी अनुसूची में सम्मिलित करने के लिए गम्भीरता से प्रयास करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

भाषा

श्री धन सिंह नेगी
21.08.2019

84. क्या ऊर्जा मंत्री अवगत हैं कि राज्य में आवंटित जल विद्युत परियोजनाओं का कार्य अभी तक प्रारम्भ नहीं हुआ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में ऐसे कितने हाइड्रो प्रोजेक्ट हैं जो अभी तक कार्य प्रारम्भ नहीं कर पाये हैं। क्या यह भी सत्य है कि टिहरी जनपद के कोटली भेल परियोजना का कार्य बन्द है? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि उक्त प्रोजेक्ट पर अभी तक की गयी कार्यवाही की प्रगति का विवरण क्या है? यदि नहीं, तो क्यों ?

ऊर्जा

| | | |
|---|---|---|
| श्री धन सिंह नेगी<br>21.08.2019 | 85. क्या चिकित्सा शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि राज्य के नर्सिंग कॉलेजों में स्वीकृत पदों के सापेक्ष आऊट सोर्सिंग से कार्मिक रखे गये हैं ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य के सभी नर्सिंग कॉलेजों में स्वीकृत पदों के सापेक्ष रखे गये आऊट सोर्सिंग कार्मिकों का विवरण क्या है? क्या यह भी सत्य है कि उक्त आऊट सोर्सिंग कार्मिक स्वीकृत पदों के सापेक्ष व अन्य जो आऊट सोर्सिंग पर रखे गये है, का नवीनीकरण किया जाता है? यदि हां, तो क्या उक्त कार्मिकों पर 27 अप्रैल, 2018 का शासनादेश लागू हो रहा है? यदि नहीं, तो क्यों ? | चिकित्सा शिक्षा |
| श्री धन सिंह नेगी<br>22.08.2019 | 86. क्या स्वास्थ्य मंत्री अवगत हैं कि राज्य के भीतर चिकित्सालयों में स्टाफ नर्सों के पद सृजित है ? यदि हां, तो क्या सरकार अभी तक स्वीकृत पदों के सापेक्ष कार्यरत स्टाफ नर्सों के पदों का विवरण उपलब्ध करायेगी ? क्या यह भी सत्य है कि स्टाफ नर्सों के पद मात्र जिला चिकित्सालयों एवं मेडिकल कॉलेजों तक ही सृजित किये गये हैं ? यदि हां, तो क्या सरकार स्टाफ नर्सों के पदों का सृजन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों व समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर भी करने का विचार कर रही है? यदि नहीं, तो क्यों ? | स्वास्थ्य |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>26.08.2019 | 87. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी में देवीधार–रनाड़ी–अठाली–चामकोट–दिल्सौड़–मनेरा मोटर मार्ग किस खण्ड के निवर्तन पर है? क्या सरकार बतायेगी कि इस मोटर मार्ग निर्माण/रख–रखाव तथा मरम्मत पर अब तक कुल कितना व्यय किया जा चुका है? क्या सरकार उक्त मोटर मार्ग का पुनर्निर्माण करायेगी ? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>26.08.2019 | 88. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य के दूरस्थ क्षेत्रों में समुचित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने हेतु चिकित्सा चयन बोर्ड के माध्यम से चयनित चिकित्सकों में से कुल कितने चिकित्सकों ने दूरस्थ क्षेत्र/जनपदों में कार्य करना प्रारम्भ कर दिया है? क्या सरकार बतायेगी कि संविदा बॉण्डधारी चिकित्सक व संविदा चिकित्सकों की तैनाती कहां–कहां पर की गई है? क्या सरकार खासकर सुदूरवर्ती क्षेत्रों/पहाड़ी जनपदों में चिकित्सकों/विशेषज्ञ चिकित्सकों तथा पैरा मेडिकल स्टाफ की संख्या में वृद्धि करायेगी ? यदि हां, तो कब तक? यदि नही, तो क्यों ? | स्वास्थ्य |

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>26.08.2019 | 89. क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में 2017–18 व 2018–19 में विद्युत प्रवाह के कारण कुल कितनी मौतें हुई हैं ? क्या सरकार बतायेगी कि विद्युत प्रवाह से हुई मौतों में प्रभावित परिवार को कुल कितनी धनराशि का प्रतिकर भुगतान किया जाता है ? क्या सरकार द्वारा विद्युत प्रवाह की घटनाओं से मृत मवेशियों (पालतू जानवरों) का भी प्रतिकर भुगतान किया जाता है ? क्या वर्ष 2017–18 व 2018–19 में ऐसे प्रकरणों से सम्बन्धित प्रतिकर का भुगतान सम्बन्धित सभी प्रभावितों को किया जा चुका है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | ऊर्जा |
| श्री मनोज रावत<br>26.08.2019 | 90. क्या चिकित्सा शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि देहरादून स्थित राज्य मेडिकल कॉलेज के ऑपरेशन थियेटर के निर्माण कार्यों हेतु आतिथि तक चिकित्सा शिक्षा विभाग ने उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण निगम को निर्माण कार्यों हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत की है? इन स्वीकृतियों में से कुल कितना प्रतिशत भुगतान किया जा चुका है और कितना कार्य पूर्ण हो चुका है? क्या इस परियोजना के कार्यों की अनियमितताओं/शिकायतों की जांच उत्तराखण्ड सरकार या निर्माण निगम द्वारा की जा रही हैं? यदि हां, तो बताने का कष्ट करेंगे कि जांच किस स्तर पर हैं? यदि नहीं, तो क्यों ? | चिकित्सा शिक्षा |
| श्री मनोज रावत<br>26.08.2019 | 91. क्या चिकित्सा शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि देहरादून स्थित राज्य नर्सिंग कॉलेज के हॉस्टल के निर्माण कार्यों हेतु आतिथि तक चिकित्सा शिक्षा विभाग ने उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण निगम को निर्माण कार्यों हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत की है? इन स्वीकृतियों में से कुल कितना प्रतिशत भुगतान किया जा चुका है और कितना कार्य पूर्ण हो चुका है? क्या इस परियोजना के कार्यों की अनियमितताओं/शिकायतों की जांच उत्तराखण्ड सरकार या निर्माण निगम द्वारा की जा रही हैं ? यदि हां, तो मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि जांच किस स्तर पर हैं ? यदि नहीं, तो क्यों ? | चिकित्सा शिक्षा |
| श्री मनोज रावत<br>26.08.2019 | 92. क्या चिकित्सा शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड राज्य निर्माण से लेकर आतिथि तक चिकित्सा शिक्षा विभाग ने उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण निगम को निर्माण कार्यों हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत की है? इन स्वीकृतियों में से कुल कितना कार्य पूर्ण हो चुका है ? क्या इन कार्यों की अनियमितताओं/शिकायतों की जांच उत्तराखण्ड सरकार या निर्माण निगम द्वारा की जा रही हैं ? यदि हां, तो मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि जांच किस स्तर पर हैं? यदि नहीं, तो क्यों ? | चिकित्सा शिक्षा |

| | | |
|---|---|---|
| श्री देशराज कर्णवाल<br>26.08.2019 | 93. क्या खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य के सभी अनुसूचित जाति/जनजाति परिवारों को सरकार द्वारा रसोई गैस की सुविधा सुनिश्चित की गयी है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>26.08.2019 | 94. क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में पेयजल भुगतान में विलम्ब की स्थिति में कितना विलम्ब शुल्क तय किया गया है तथा नीति के अनुसार प्रत्येक वर्ष कितनी बढ़ोत्तरी की जाती है तथा वर्तमान में हरिद्वार जनपद में भुगतान की स्थिति क्या हैं ? | पेयजल |
| कुँवर प्रणव सिंह ''चैम्पियन''<br>26.08.2019 | 95. क्या गृह मंत्री अवगत हैं कि प्रदेश में पुलिस विभाग द्वारा बरती जा रही लापरवाही के कारण वो आपराधिक अभियोग, जो पुलिस द्वारा दर्ज तो कर लिये गये, लेकिन अंतराल में सम्बन्धित मा0 न्यायालय द्वारा मुकदमे ''दाखिल दफ्तर'' कर दिये जाने के उपरांत भी सम्बन्धित पुलिस थानों में वे मुकदमे वर्तमान में दर्ज दर्शाये जा रहे हैं, जो घोर अनियमितता है? क्या गृह मंत्री जी यह भी अवगत हैं कि पुलिस की उक्त गंभीर त्रुटि से नागरिकों को कानूनन बरी हो जाने के बाद भी दोषी दर्शाया जाना एवं 15 वर्ष पूर्व समाप्त हो चुके मुकदमों को अभी तक जीवित दिखाया जाना अनुचित है? यदि हां, तो क्या सरकार लोकहित में अविलम्ब, पुलिस विभाग को उत्तराखण्ड राज्य के गठन के उपरांत दर्ज मुकदमों की अद्यतन स्थिति की जांच कर, उक्त में से समाप्त हुए मुकदमों को सम्बन्धित पुलिस थानों के रिकार्ड में अद्यतन किये जाने का निर्देश जारी करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों ? | गृह |
| श्री धन सिंह नेगी<br>26.08.2019 | 96. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि राज्य सरकार राज्य के भीतर महत्वपूर्ण मार्गों को स्टेट हाईवे घोषित करती है? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि टिहरी विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत पर्यटन की दृष्टि से अत्यन्त महत्वपूर्ण मार्गों :–1– बादशाही थौल–नकोट–पागंरखाल मोटर मार्ग, 2– चम्बा–कुडियालगांव–नागणी–पलास मोटरमार्ग तथा 3– जाखणीधार – गराकोट – कपरियाणीसैण – बैसोली – अंजनीसैण मोटर मार्ग को स्टेट हाईवे घोषित करने की कार्यवाही करेगी? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>27.08.2019 | 97. कार्मिक मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि क्या प्रदेश में अक्टूबर, 2017 के बाद से समूह ''ग' की एक भी भर्ती प्रक्रिया प्रारम्भ नहीं की गई है? क्या यह सत्य है कि राज्य में बेरोजगारों में इस उपेक्षा को | कार्मिक |

| | | |
|---|---|---|
| | लेकर असंतोष बढ़ता जा रहा है? क्या सरकार प्रदेश के बेरोजगारों के हित में शीघ्र भर्ती प्रक्रिया प्रारम्भ करायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों ? | |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार 27.08.2019 | 98. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवायें उपलब्ध करवाने के लिए स्वास्थ्य संस्थाओं में अत्याधुनिक उपकरणों, मेडिकल तथा पैरा मेडिकल स्टाफ की संख्या बढ़ा रही है? यदि हां, तो प्रदेश में खासकर पहाड़ी जनपदों में इन दो वित्तीय वर्षों (2017–18 व 2018–19) में सरकार द्वारा उक्त क्षेत्र में किन–किन अस्पतालों में अत्याधुनिक उपकरणों, मेडिकल तथा पैरा मेडिकल स्टाफ की तैनाती की है? यदि नही, तो क्यों ? | स्वास्थ्य |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार 27.08.2019 | 99. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी अन्तर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, थत्यूड़, जौनपुर, टिहरी गढ़वाल में मेडिकल, पैरा मेडिकल स्टाफ के पद स्वीकृत है तथा स्वीकृत पदों के सापेक्ष कुल कितने मेडिकल व पैरा मेडिकल स्टाफ आतिथि में कार्यरत हैं ? क्या सरकार रिक्त पदों की पूर्ति करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों ? | स्वास्थ्य |
| श्री मनोज रावत 27.08.2019 | 100. क्या महिला कल्याण एवं बाल विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार प्रदेश में कार्यरत आंगनबाड़ी सहायक कार्यकत्री का मानदेय बढ़ाने पर विचार कर रही है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों ? | महिला कल्याण एवं बाल विकास |